



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 209 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 15 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## दुधाखेड़ी माता मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी

**भानपुरा, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** दुधाखेड़ी माता मंदिर में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 3 बजे श्रद्धालुओ के दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। बदमाशो ने मंदिर प्रांगण में सो रहे यात्रियों के चार्जिग पर लगे मोबाइल चुराए। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। राजस्थान के डग निवासी पीड़ितों ने भानपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। मंदिर प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति चोर को पहचानता है, तो वह मंदिर के नंबर 9753046078 पर सूचना दे। इससे पहले मंगलवार दोपहर 4 बजे भी एक चोरी की वारदात हुई। एक नाबालिग ने प्रियंका पति पीयूष तिवारी का पर्स चुरा लिया, जिसमें एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन और 4 हजार रुपए नकदी थी। महिला की शिकायत पर साइबर सेल चोरी हुए मोबाइल को ट्रैक करने में जुटा है।

## हम खुद ही कोतवाल..डर काहे का...

# कलेक्टर ही कर सकती है यहां तो कार्रवाई




**✻ आरटीओ में अटैच वाहन उड़ा रहा नियमों की धज्जियां ✻ चेकिंग की कमान बाबू के हाथ में, सीएम के निर्देशों का फिलहाल नहीं हुआ असर ✻ पड़ोसी नीमच का अमला रात को हरकत में आया, मंदसौर में नींद कायम**

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रभारी के भरोसे डेढ़ साल से चल रहे जिला परिवहन विभाग का ढर्रा पूरी तरह से बिगड़ गया है। स्थिति यह है कि सीएम हो या प्रदेश का परिवहन अधिकारी, किसी के निर्देशों को सुनने को तैयार नहीं है। एक दिन पहले निर्देश जारी होने के बाद रात में ही नीमच जिला परिवहन विभाग ने कारवाई शुरु कर दी। इधर मंदसौर परिवहन विभाग नींद से जागने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद ही परिवहन विभाग में अटैच वाहन नियमों पर खरा नहीं उतर रहे हैं। आरटीओ में अटैच इंदौर पॉसिंग एसयूवी के कागज ही सवालों के घेरे में है। बिना परमीट के जिले की सड़कों पर आरटीओ का वाहन दौड़ रहा है। जबकि, सीएम बिना परमीट के वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। इधर एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि बाबू के भरोसे चेकिंग अभियान का काम कभी कभार चलाया जा रहा है। जबकि, मोटर व्हीकल एक्ट की बात करें तो एक स्टार की उपस्थिति में ही चेकिंग की जानी चाहिए।**

### नियम ताक पर, खतरा बरकरार...

भोपाल हादसे के अलावा कई बस हादसे अभी तक हो चुके हैं। लेकिन, जिम्मेदार औपचारिकता निभाते नजर आते हैं। मंदसौर के महाराणा प्रताप बस स्टैंड व नेहरू बस स्टैंड पर राजस्थान रूट से जुड़े कई निजी वाहन तक आते हैं। इसमें कई बसें सिंगल गेट वाली दिखाई देती है, जिनमें सुरक्षा का अभाव है। सवारियां ठूंसने पर ही ध्यान दिया जाता है। कई बस संचालक तो अपने हिसाब से बसों में अतिरिक्त सीट तक रखते हैं। यह सब खेल सेटिंग से चलता है। कई ट्रेवल्स संचालक अवैध रूप से कृषि जिंस समेत अन्य सामग्री लोडिंग कर बाहरी राज्यों तक ले जाते हैं। टैक्स चोरी करने पर नकेल नहीं कसी जा रही है।

### विभिन्न रूटों के लिए 370 निजी यात्री बसों का होता है संचालन...

जिले में विभिन्न रूटों के लिए करीब 370 निजी यात्री बसों का संचालन होता है, जो जिले के सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा, मल्हारगढ़, के अलावा नीमच, मनासा, रतलाम, राजस्थान, इंदौर, भोपाल समेत अन्य रूटों के लिए चलती है। इसी तरह पड़ोसी जिलों से मंदसौर में प्रतिदिन करीब 120 बसों की आवाजाही होती है। इसमें राजस्थान रोडवेज से लेकर राजस्थान, यूपी, दिल्ली, पंजाब समेत अन्य राज्यों से पंजीकृत बसें भी हैं।

### निर्देश के बाद नीमच वाले जागे...

भोपाल बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर नीमच में यातायात पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। यातायात थाना प्रभारी उर्मिला चौहान के नेतृत्व में मेसी शोरूम चौराहे पर स्लीपर बसों की जांच की गई। इधर मंदसौर में फिलहाल कार्रवाई और जांच का इंतजार बाकी है। नीमच में पुलिस ने 5 बसों की जांच में फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा और परमिट की जांच की। एक बस को बिना परमिट संचालन के कारण जब्त कर लिया गया। कई अन्य बसों के अधूरे कागजात मिलने पर उनके चालान किए गए। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं। बसों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। चालक बिना वर्दी के ड्यूटी कर रहे थे। बसों में रेट, परमिट और फिटनेस के दस्तावेज नहीं लगे मिले। क्षमता से अधिक सवारियां भी बैठाई गई थी। यातायात थाना प्रभारी उर्मिला चौहान ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई है। उन्होंने बस संचालकों से नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### पेट्रोल पंप पर जांच की नौटंकी...

आपके अपने 'गुरु एक्सप्रेस' ने जब सीएम के आदेश को रद्दी की टोकरी में फैंका शीर्षक से खबर प्रकाशित की तो बुधवार दोपहर बाद शहर के सीतामऊ फाटक क्षेत्र में स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप यातायात विभाग द्वारा जांच की नौटंकी की गई। वैसे भी जांच का अधिकार बाबु को नहीं इंस्पेक्टर या उससे उपर के अधिकारी को है। लेकिन, मंदसौर में इंस्पेक्टर ही प्रभारी आरटीओ बनकर बैठे है। इसलिए वे भी हमेशा स्टाफ की कमी का रोना ही रोते रहते है। इसीलिए जब कोई जरूरी निर्देश आते है तो बाबु को जांच के लिए भेज देते है।

# चेन स्नेचरों ने कबूली कार चोरी की वारदात

**सब्जी मंडी में महिला के गले से गायब की थी 20 ग्राम वजनी सोने की चेन**

**दो माह बाद दर्ज हुआ चेन चोरी का मामला**



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सम्राट रोड़ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आई महिला के गले से अज्ञात लोगो ने 20 ग्राम सोने की चेन निकाल ली थी। जब महिला को पता चला तो वह शहर कोतवाली पहुंची। लेकिन, उस समय उससे आवेदन लेकर इतिश्री कर ली गई। पिछले दिनो जब तेलिया तालाब और नानेश नगर में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात के आरोपी पकड़े गए तो उन्होंने पूछताछ में नई आबादी थाना क्षेत्र से ईको कार एवं सम्राट रोड़ सब्जी मंडी से महिला के गले से चेन चोरी करने की वारदात भी कबूली। जिसके बाद शहर पुलिस ने 13 मई को चेन चोरी की रिपोर्ट दर्ज की।

मिली जानकारी के अनुसार बीती 12 मार्च को गायत्री पति रमेशचंद्र गुप्ता निवासी नई आबादी सम्राट रोड़ सब्जी मंडी में सब्जी लेने गई थी। इसी दौरान उसके गले से किसी ने 20 ग्राम वजनी सोने की चेन निकाल ली। महिला को काफी देर बाद पता चला। उसने परिजनो के साथ कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराना चाही। तो उस समय आवेदन लिया गया। जब विगत दिनो नई आबादी से ईको कार चोरी हुई तो पुलिस उसके पीछे लगी। इसी भागमभाग में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यो को दबोचा। उन्होंने तेलिया तालाब और नानेश नगर क्षेत्र से महिला के गले से चेन चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया। सख्ती से पूछताछ में बदमाशो ने ईको कार और सम्राट रोड़ सब्जी मंडी से महिला के गले से चेन चोरी करना भी कबूला। जिसके बाद पुलिस ने महिला के परिजनो को बुलाकर एफआईआर दर्ज की।

बता दें कि चेन चोरी की वारदात में अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य बब्बन उर्फ बबलू पिता मोहन चौहान जाति पारदी उम्र 28 साल निवासी शनिदेव गांव थाना ईसगाव जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र एवं सोनी पिता ज्ञानसिंह पंवार जाति पारदी उम्र 39 साल निवासी नगर पालिका के पास, चौकन्ना बालाजी के समीप नीमच को शहर पुलिस ने पकड़ा था। माना जा रहा है कि आरोपियो से पूछताछ में और भी वारदाते सामने आ सकती हैं।

## सलमान को पिस्टल देने वाला आरिफ गिरफ्तार

मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। शहर पुलिस द्वारा पिस्टल के साथ गिरफ्त में लिये गए आरोपी सलमान को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले मुल्तानपुरा निवासी आरिफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीती 16 फरवरी को शहर कोतवाली पुलिस ने सलमान पिता बाबू खान को एक पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। सलमान मंदसौर के शहर क्षेत्र में रहता है। उसने पुलिस पूछताछ में बताया था की यह पिस्टल उसने मुल्तानपुरा के आरिफ़ से खरीदी थी। घटना दिनांक से ही आरिफ़ फ़रार चल रहा था, जिसको लेकर पुलिस ने मुखबीर तंत्र लगा रखे थे। अब आरिफ़ को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरिफ़ से हथियार के संबध में पूछताछ की तो प्रारंभिग पूछताछ में उसने बताया की यह पिस्टल वह मेले में से लाया था।

# बेशकीमती मकान पर कब्जा करने के लिए बदमाशों का सहारा

**काका का बरसों पुराना कब्जा छुड़ाने गुंडों के साथ पहुंचा भतीजा, शहर में एक और वसूली व कब्ज़ा गैंग बनी**

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। शहर के एक बेशकीमती मकान दुकान पर कब्ज़ा करने के लिये भाई ने बदमाशों का सहारा लिया। परेशान छोटे भाई ने पुलिस की शरण ली। लेकिन, उससे केवल आवेदन लेकर चलता कर दिया गया। ऐसे में यह सवाल एक बार फिर उठ रहा हैं की गुंडों के बल पर जबरन कब्ज़ा करने वाले को पुलिस का सपोर्ट हैं क्या?**

दरअसल बुधवार को राहुल पिता ओमप्रकाश कुमावत निवासी रामटेकरी जमींदार कालोनी अपने साथ बंटी कोटियानी, लखन डगले सहित 8-10 बदमाशों को लेकर पुलिस कण्ट्रोल रूम के सामने दत्त मंदिर के पास स्थित भवन पर पहुंचा और जबरन ताला तोड़कर कब्ज़ा करने लगा। जब उसे संतोष कुमावत और उनके बेटे ने रोका तो मारपीट करने लगे। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड भी हुई। परेशान होकर संतोष ने डायल 100 को कॉल किया। वहां से कहा गया कि कोतवाली जाकर रिपोर्ट लिखवाओ। जब वे कोतवाली पहुंचे तो उनसे आवेदन लिखवा कर ले लिया। लेकिन, मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। आश्चर्य की बात यह हैं की शहर से गुंडागर्दी को ख़त्म करने का दावा करने वाली पुलिस आखिर इस तरह की गुंडागर्दी को क्यों झेल रही है?

बताया गया हैं की इस भवन को लेकर ओमप्रकाश और संतोष के बीच हाई कोर्ट में मामला चल रहा हैं। जबकि, भवन पर बरसो से संतोष का कब्ज़ा चला आ रहा हैं। इधर किसी शातिर की सलाह पर ओमप्रकाश और उसका पुत्र राहुल गुंडों को साथ लेकर भवन पर कब्ज़ा करने पहुंच गया और पुलिस को सूचना देने के बाद भी शांति बनाये रखी। आखिर समय पर पुलिस कोई कार्यवाही कर विवाद क्यों नहीं रोकना चाहती हैं?

# स्वास्थ्य : प्रदेश को मिली 12 नई पीजी डिप्लोमा सीटें

**भोपाल, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के मरीजों को अब जिला मुख्यालय के बड़े अस्पतालों में भी बेहतर और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा मिलने वाली है।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने प्रदेश के तीन जिला अस्पतालों को पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा की 12 नई सीटों की मान्यता दी है। इसके साथ ही राज्य में इन पाठ्यक्रमों की कुल सीटें 63 हो गई हैं। इस फैसले से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी गायनाकोलॉजी, एनेस्थीसिया और नेत्र रोग जैसे विषयों में प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टर मिल सकेंगे। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इसे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ा सुधारात्मक कदम बताया।

### मरीजों को होगा फायदा...

महिला रोग विशेषज्ञों की संख्या बढने से प्रसव और महिलाओं से जुड़ी बीमारियों का इलाज जल्द मिलेगा। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की मौजूदगी से जिला अस्पतालों में बड़ी सर्जरी संभव होगी। आंखों की बीमारियों की विशेषज्ञ जांच और ऑपरेशन अब जिला स्तर पर संभव हो सकेगा।

### इन अस्पतालों को मिलीं नई सीटें...

✻ जिला अस्पताल भोपाल-डीजीओ (गाइनेकोलॉजी) की 4 सीटें

✻ जिला अस्पताल शिवपुरी-डीजीओ की 4 सीटें और डीए (एनेस्थीसिया) की 2 सीटें

✻ जिला अस्पताल रतलाम-डीओ (नेत्र रोग) की 2 सीटें

# सुबह से तेज धूप, दोपहर बाद झमाझम

**✻ बारिश ने बिगाड़ी मंडियों की व्यवस्था, उपज भिगी ✻ आज भी बारिश की संभावना**

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार शहर सहित अंचल में कई जगहों पर बारिश हुई। मंदसौर और दलौदा मंडी में अव्यवस्था का शिकार फिर से किसान को होना पड़ा। बारिश में किसानों के साथ व्यापारियों की उपज भीग गई। मंदसौर कृषि उपज मंडी में पानी में भीगे लहसुन को बारिश बंद होने के बाद किसान उठाता हुआ नजर आया। बारिश के चलते मंडी में कई किसानों को नुकसान हुआ है।**

शहर में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। जो करीब दो घंटों तक जारी रही। मौसम के इस बदलाव ने लोगों को ठंडक का एहसास कराया। बीते दो दिनों से जिले में कभी तेज धूप तो कभी बादलों की लुकाछिपी का सिलसिला चल रहा था। लेकिन, बुधवार को दोपहर बाद घने बादलों ने आसमान को ढक लिया और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। यह बारिश मंदसौर के अलावा सीतामऊ, पिपलिया मंडी, मल्हारगढ़ और दलौदा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी दर्ज की गई। आज गुरुवार को भी मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान बताया गया है।

मौसम में आए इस बदलाव ने गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत दी है। लेकिन, मौसम विभाग के मुताबिक यह राहत ज्यादा लंबी नहीं चलने वाली है। प्रदेश भर में सक्रिय सिस्टम के चलते 15 मई तक बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। लेकिन... **शेष पेज 4 पर**

# नारकोटिक्स दफ्तर पर किसानों का प्रदर्शन

**विधायक के नेतृत्व में विभाग को चेतावनी, 63 किसानों को अफीम प्रकरणों में फंसाने का आरोप**



**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि विभाग 63 किसानों को झूठे अफीम प्रकरण में फंसाने की कोशिश कर रहा है।

नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने 10 से अधिक गांवों में किसानों से पूछताछ की है। इसे लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में किसान दशहरा मैदान में एकत्र हुए। वहां से रैली निकालकर नारकोटिक्स दफ्तर पहुंचे। केंद्रीय नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव किया। इसके साथ ही अधिकारी वीएस कुमार को ज्ञापन सौंपा। मामला 11 मई को जीरन थाना क्षेत्र के बरखेड़ा सोंधिया गांव से शुरू हुआ। यहां किसान मनोहर सिंह पिता जसवंत सिंह सोंधिया को 4 किलो 600 ग्राम अफीम प्रकरण में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने द्वेषतावश अन्य किसानों के नाम बता दिए। इसके बाद विभाग ने निर्दोष किसानों से पूछताछ शुरू कर दी।

किसानों का कहना है कि अधिकारी बार-बार गांव आकर उनके घरों के बाहर वीडियो और फोटो बना रहे हैं। इससे वे मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने इन अधिकारियों के खिलाफ वैधानिक जांच की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर निर्दोष किसानों को झूठे केस में फंसाया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा नेता उमराव सिंह गुर्जर और सरपंच संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह शक्तावत मौजूद थे। चल्दू, मात्याखेड़ी, अरनिया बोराना, बांसखेड़ा और सकरानी सहित कई गांवों के किसान इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

## मकान मालिक के घर से मंगलसूत्र चुराने का आरोपी दो वर्ष बाद मिला

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** दो वर्ष से चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को शहर पुलिस ने दबोचा है। उस पर मकान मालिक के घर से मंगल सूत्र व सोने की अंगूठी चुराने का आरोप है। मामला करीब दो वर्ष पहले 12 मई 2023 का है, जिसमें अंकित जैन निवासी नई आबादी के यहां पर अजय सिंह पंवार किराये से रहता था। अजय सिंह पर आरोप है कि उसने अंकित के घर में से एक सोने की अंगूठी व मंगल सूत्र चुरा लिया था। चोरी के बाद से ही .... **शेष पेज 4 पर**

## सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने के क्या कारण...

# क्या नवीन सत्र से धरातल पर हालात बदलेंगे या पहले जैसे ही रहेंगे..?

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र माध्यमिक तथा प्राथमिक स्कूलों के हालात ज्यादा ठीक नहीं हैं। क्या 2025 में टीचर गांव-गांव सर्वे कर बच्चों की संख्या बढ़ाने में हम भूमिका निभाएंगे? सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक कक्षाओ में बच्चे नहीं है। ना कभी गांव में मन लगाकर बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए टीचर सर्वे करते हैं। सप्ताह में टीचर की कितनी उपस्थिति स्कूल में रहती है और बच्चों के कर्तव्य के प्रति वह कितनी निष्ठा से कार्य कर रहे है? इसकी जांच समय-समय पर होना चाहिए। बच्चों के अभिभावक तथा गांव के लोगों से भी उच्च अधिकारियों को संपर्क कर जानकारी लेना चाहिए। इस बार नवीन शैक्षणिक सत्र से गांवों में टीचर घर-घर जाकर सर्वे कर माध्यमिक तथा प्राथमिक बच्चों की संख्या में इजाफा होगा या फिर हर साल की तरह केवल औपचारिकता पूर्ण कर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया जाएगा?

कुछ अभिभावकों को लगता है कि शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता निजी स्कूलों की तुलना में कम होती है, जिससे वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं। कई शासकीय स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी होती है। जैसे कि स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त कक्षाएं और खेल का मैदान, जो बच्चों को स्कूल जाने से हतोत्साहित कर सकते हैं। कुछ अभिभावकों को लगता है कि शासकीय स्कूलों में अनुशासन की कमी होती है। वे अपने बच्चों को अच्छे माहौल में शिक्षा देना चाहते हैं, इसलिए वे निजी स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं। शासकीय स्कूलों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त प्रचार और जागरूकता कार्यक्रम नहीं होते हैं, जिससे अभिभावकों को शासकीय स्कूलों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। कुछ शासकीय स्कूलों में शिक्षकों और स्टाफ की कमी होती है, जिससे बच्चों को उचित ध्यान नहीं मिल पाता है।



कुछ अभिभावक आर्थिक रूप से निजी स्कूलों की फीस वहन नहीं कर सकते हैं, जिससे वे अपने बच्चों को शासकीय स्कूलों में भेजना पसंद करते है। शासकीय स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने के कई कारण हैं और इन कारणों को दूर करने के लिए सरकार को कई कदम उठाने की आवश्यकता है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि और अभिभावकों की धारणाओं को बदलने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान में उमड़ा जनसैलाब

## विधायक जैन ने की सराहना, बुधवार को 17 ट्राली जलकुंभी व गंदगी शिवना नदी से साफ की



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान के 14वें दिन जनभागीदारी का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। बडी संख्या में समाजजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं युवाओं ने श्रमदान कर शिवना को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। सुबह 7 बजे से ही नागरिकों की भीड जुटने लगी और दो घंटे तक सभी ने मानव श्रृंखला बनाकर अभियान में सक्रिय सहभागिता की। बुधवार को 17 ट्राली जलकुंभी व गंदगी शिवना नदी से साफ की गई।

इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने स्वयं परिवार सहित श्रमदान कर जनसमुदाय का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, शिवना सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी आस्था और संस्कृति की धरोहर है। जनसहयोग से ही हम इसे पुन: निर्मल बना सकते हैं। यह अभियान समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक बन चुका है। विधायक जैन ने नगरवासियों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में निरंतर सहयोग करते रहें। उन्होंने आयोजन समिति और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए इसे जनआंदोलन की संज्ञा दी। श्रमदान करने में विधायक श्री विपिन जैन, दशपुर योग शिक्षा संस्थान योग गुरू सुरेन्द्र जैन, जितेश फरक्या, प्रियांशु जैन, जिनेन्द्र उकावत, विजय पलोड, ललित जैन, प्रीति जैन, जापानी भावनानी, सोनल जैन, प्रेरणा बाकलीवाल, आनन्द कश्यप, सुभाष पाटीदार, प्रदीप जैन, कैलाश रिछावरा, महेश सेठिया, तेजमल गांधी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, सुरेश होतवानी, कनिष्का होतवानी, अनिल कोठारी, आनन्द कर्ण, दिनेश पारिख, गिरवर माली, अनुपम माली, पी.सी. चंसोरिया, रोटरी क्लब के सुरेन्द्र जैन, राधेश्याम झंवर, शरद गांधी, दिनेश जैन, प्रवीण उकावत, पवन पोरवाल, अजय नागोरी, तीन छत्री बालाजी ग्रुप के श्रीश्री 108 श्री रामकिशोरदास महाराज, अशोक भावसार, गोपाल मालवीय, राज मावर, नवीन नामदेव, नवनीत नामदेव, जयप्रकाश पमनानी, सिंधी समाज के दृष्टानन्द नैनवानी, कैलाश मनवानी, दिलीप पमनानी, लक्ष्मण मेघनानी, राजेश चाहूजा, नितेश सतीदासानी, मोहित पमनानी, दीपा गोस्वामी, सुरेश होतवानी, महेश ज्ञानानी, नानकराम नंदवानी, लाला ककनानी, ईश्वर नेनवानी, प्रीतम चंदवानी, विजन एकेडमी के सुनील सर दिल्ली वाले, ब्रजेश जाट, नितेश जाट, दुर्गेश चंदेल, संतोष सेन, राहुल गायरी, यश कुमावत, अमन पठान, मोनिका धनगर, विशाखा पाटीदार, भावना सागित्रा, सरिता टेलर, संजना सौलंकी, भूमिका अग्रावत, पंकज सूर्यवंशी, अहिरवार समाज मुल्तानपुरा से गोपाल चौहान, हरिओम चौहान, दशरथ चौहान, कालू चौहान, दिलीप अहिरवार, प्रीतम चौहान, राहुल चौहान, संजय अहिरवार, दीपक चौहान, विनोद अहिरवार, बालमुकंद चौहान, रामचन्द्र चौहान, रमेश चौहान, भेरूलाल अहिरवार, कैलाश चौहान, हीरालाल चौहान, कन्हैयालाल वेलावत, बबलू चोहान, गणपत चौहान, अनिल चौहान, राजेश चौहान सुरेश चौहान, महिला नेत्री रफत पयामी, सोनाली जैन, ईष्टा भाचावत, मीना चौहान, अनिला भदोरिया, दीपाली पोरवाल, शैली पोरवाल, गिताली पोरवाल, राखी सत्रावाला, वर्षा दोसरिया, समाजसेवी महेश दुबे, राजू सतीदासानी, अभिषेक तिवारी, मनीष भावसार, आस्था भावसार, विजय आनन्द, सुधांशु भावसार, घनश्याम भावसार, पंकज गांधी, एम्ब्रोज अल्टर, उम्मेदराय पंचोली सीता पंचोली, मालवीय युथ फाउण्डेशन के सावन मकवाना, सुरेश चौहान, गोविन्दराम मालवीय, सतीश मालवीय, महेश मालवीय, अर्जुन मालवीय, यशवंत मालवीय, राधेश्याम देवडा, नरेन्द्र मालवीय, रामचन्द्र मालवीय रिटायर्ड टीआई, नागेश मालवीय, राकेश डांगी, सेंटथामस स्कूल स्टॉफ जितेन्द्र कनोजिया, राकेश श्रीवास्तव, त्रिभुवन कविश्वर, राजेन्द्रसिंह, कुलदीपसिंह, नीतिन राजोरा, जया सिसौदिया, ललित परमार, रवि कोपरगांवकर, जॉन स्मिथ, अशासकीय विद्यालय संगठन से रूपेश पारिख, शेर मोहम्मद खान, विपिन चपरोत, सुनील संघवी, भूपेन्द्रसिंह राठौर, मधु कडावत, भानुप्रतापसिंह राणा, मुकेश नागर, मिनल नागर, रवि भावसार, गौतम कुमार आर्य, पंकज जैन, गांव भालोट से राजू मिस्त्री, दिनेश कुमावत, सतीश मालवीय, महेश मालवीय, निम्बोद गांव से बसंतीलाल सौलंकी, कमलेश सुनार्थी, भगतराम मालवीय, ईश्वर रामेणा, बेहपुर गांव से डिकपालसिंह देवडा, नांदवेल गांव से मोहनलाल गंधवानी अकेला, संगीता खराडी, नंदावता से संतोष पाटीदार, निपानिया मेघराज गांव से अशोक शर्मा, प्रकाश दोसावत, गांव बनी से विष्णु धनगर, श्याम धनगर, गांव अमलावद से कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, मनीष मीणा, मुकेश मीणा, भगतराम अहिरवार, कांग्रेसजन डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दसोरा, तरूण खिंची, राजनारायण लाड, सुनील बसेर, योगेश जोशी, सुरेश खचनारिया, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, मनोहर नाहटा, संजय नाहर, रमेश सिंगार, संदीप सलोद, कचरमल जटिया, राजेश खिंची, राकेश सेन, योगेन्द्र गोड, गणपत कुमावत, मिथुन कटारिया, आदर्श जोशी, गोपाल बंजारा, अजय सोनी, रमेश ब्रिजवानी, राजेश चौधरी, सादिक गौरी, शिवशंकर सौलंकी, मनोहर रत्नावत, ओमप्रकाश सूर्यवंशी माण्डवी, सोहनलाल धाकड धमनार, शैलेन्द्र गोस्वामी, ऋषिराज लाड, दीपक लाड, भगतराम चौहान सहित बडी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।

# जिलों में हो रहे कार्यों को देखने जाएंगे अधिकारी, मनरेगा आयुक्त को देंगे अनुश्रवण रिपोर्ट

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी, जारी किए आदेश

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पानी की हर एक बूंद को बचाने और पुराने जल स्त्रोतों को संवारने के लिए प्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। तीन माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा योजना के तहत 81 हजार खेत-तालाब, 1 हजार अमृत सरोवर, 1 लाख कूप रिचार्ज और पूर्व से प्रगतिरत जल संग्रहण और भूजल संवर्धन के 70 हजार कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यों के निरीक्षण करने अधिकारी जिलों में जाएंगे और भ्रमण उपरांत जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों के अनुश्रवण का प्रतिवेदन मनरेगा आयुक्त को देंगे।

**44 अधिकारियों की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने लगाई ड्यूटी–** जिलों में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 44 अधिकारियों का ड्यूटी आदेश जारी किया है। इसमें अतिरिक्त संचालक, सयुंक्त संचालक, उप संचालक, उपायुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी शामिल है। सभी अधिकारी मई एवं जून माह में क्रमश: 2-2 बार आवंटित जिलों का भ्रमण करेंगे।

**ये अधिकारी करेंगे इन जिलों का भ्रमण–** श्री प्रद्युम्न शर्मा अतिरिक्त संचालक जबलपुर, श्री पी.सी. शर्मा अतिरिक्त संचालक बैतूल एवं नर्मदापुरम, श्री अमिताभ सिरवैया अतिरिक्त संचालक भोपाल-हरदा, श्री बी.एस. मंडलोई अतिरिक्त संचालक रतलाम, श्री अशोक चौहान संयुक्त आयुक्त खरगौन बडवानी, श्री सुदेश मालवीय संयुक्त आयुक्त गुना, श्री बी.एस. जाटव संयुक्त आयुक्त दतिया, श्री आर.के. वर्मा संयुक्त आयुक्त रायसेन, श्रीमती शिवानी वर्मा संयुक्त आयुक्त देवास, श्री प्रभात कुमार उइके संयुक्त आयुक्त सिवनी, श्री इंदर सिंह ठाकुर संयुक्त आयुक्त सतना, श्रीमती सीमा खान संयुक्त आयुक्त सीहोर, श्री राकेश शुक्ला संयुक्त आयुक्त दमोह, श्री गोपाल खुराना संयुक्त आयुक्त छिंदवाडा, श्रीमती लक्ष्मी दुबे संयुक्त आयुक्त नरसिंहपुर, श्री अनिल कोचर संयुक्त आयुक्त बालाघाट, श्री दिनेश कुमार गुप्ता उप संचालक नीमच-मंदसौर, श्री नवाल मीणा उप संचालक रीवा, श्री सुधीर जैन उपसंचालक डिंडोरी, श्री वीरेंद्र त्रिपाठी उप संचालक कटनी, उमरिया, श्री के.पी. राज उप संचालक बुरहानपुर-खंडवा, श्री सुरेश झारिया उप संचालक छतरपुर, श्री शशिभूषण शर्मा उपायुक्त ग्वालियर, श्रीमती अनिता वात्सल्य उपायुक्त शाजापुर, श्रीमती सुधा भार्गव उपायुक्त इंदौर, श्री जितेंद्र जैन उपायुक्त शिवपुरी, श्री दीपक राय उपायुक्त भिंड, श्री सुधीर खांडेकर उपायुक्त सागर, श्री अनिल पवार उपायुक्त आगर मालवा, सुश्री नीरजा उपाध्याय उपायुक्त धार, श्रीमती मनीषा दवे उपायुक्त राजगढ़, श्रीमती लक्ष्मी चौधरी उपायुक्त उज्जैन, श्री राजीव खरे उपायुक्त विदिशा, श्री अजीत तिवारी उपायुक्त मंडला, श्री के.एस. मिर्धा मुख्य अभियंता अलीराजपुर, श्री नरेश रावत अधीक्षण यंत्री सीधी, श्री सतीश कुमार तिवारी अधीक्षण यंत्री सिंगरौली, श्री एस.एस. डाबर अधीक्षण यंत्री झाबुआ, श्री राजेंद्र पवार कार्यपालन यंत्री टीकमगढ़-निवाडी, श्री अश्विनी जायसवाल कार्यपालन यंत्री श्योपुर, सुश्री वियंका धानापुने कार्यपालन यंत्री अशोकनगर, श्री राकेश पांडेय कार्यपालन यंत्री शहडोल-अनूपपुर और श्री गुलाब कोडापे कार्यपालन यंत्री पन्ना जिले का भ्रमण करेंगे।

# जलकर जमा करने वालों को मिली राहत, पार्षद सुनील बंसल की पहल पर सीएमओ ने बढ़ाई अंतिम तारीख



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका में जलकर की राशि बिना पेनल्टी के भरने को लेकर उपभोक्ता पिछले कई दिनों से परेशान थे। अंतिम तारीख 15 मई होने के चलते नगर पालिका कार्यालय में जलकर जमा करने वालों की भीड लगातार बढ रही थी। हालात को देखते हुए वार्ड क्रमांक 19के निर्दलीय पार्षद सुनील बंसल ने नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह को लोगों की समस्याओं से अवगत कराया।

सीएमओ मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनी। सॉफ्टवेयर अपडेट और सर्वर की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जलकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई तक बढा दी, जिससे अब उपभोक्ता बिना किसी पेनल्टी के जलकर राशि जमा कर सकेंगे। पार्षद सुनील बंसल ने कहा कि तकनीकी दिक्कतों की वजह से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस उम्र में लाइन में लगकर परेशान न होना पड़े। साथ ही टोकन व्यवस्था लागू करने की भी बात कही ताकि अनावश्यक भीड़ न जुटे। सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सॉफ्टवेयर अपडेट की वजह से समस्या उत्पन्न हुई है, जिसका समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को और कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पार्षद सुनील बंसल की सक्रियता और संवेदनशीलता से एक बार फिर यह साबित हुआ कि जनप्रतिनिधि यदि सजग हो तो आम जनता को राहत जरूर मिलती है।



# जीरन दिव्यांग शिविर में 140 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए

**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जीरन में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एसडीएम श्री संजीव साहू के मार्गदर्शन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच द्वारा दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 140 दिव्यांग जनों का पंजीयन किया गया। इनमें अस्थि बाधित के 39, श्रवण बाधित 5, मानसिक दिव्यांगजनो के 7, दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों के 6 प्रमाण पत्र बनाए गए। साथ ही रेल्वे के 25 प्रमाण पत्र बनाए गए। इस तरह शिविर में कुल 140 दिव्यांगजनों को लाभांवित किया गया। इस शिविर में मंदसौर से नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ.श्री आरके द्विवेदी एवं अस्थि बाधित रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय शर्मा एवं मनासा के नेत्र विशेषज्ञ डॉ.अनुराधा द्विवेदी, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.कृष्णा कारपेंटर द्वारा दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाये गये। कान की जांच सीनियर ऑडियोलॉजिस्ट डॉ.हितेश गायकवाड ने की। डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री किरण आंजना एवं सुश्री मयूरी जोक ने बुधवार को इस शिविर का निरीक्षण कर जायजा लिया और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## भारतीय मूल की अनिता आनंद कनाडा की नई विदेश मंत्री बनी, गीता पर हाथ रखकर ली शपथ



**ओटावा, 14 मई।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। आनंद को मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को कनाडा की नई विदेश मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उन्होंने मेलोनी जोली की जगह ली है, जिन्हें परिवहन और आतंरिक व्यापार मंत्रालय में भेजा गया है। कनाडा की लिबरल पार्टी की सदस्य अनीता आनंद ने हिंदू ग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली।

पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करना होगा। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वे राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया।

### वात्सल्य पब्लिक स्कूल की शहरवासियों को एक और सौगात...

# कई विशेषताओं के साथ सत्र से प्ले स्कूल की शुरुआत

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** वात्सल्य पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक मुकाम हासिल कर चुका है। समय के साथ विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं देने का काम भी वात्सल्य स्कूल के माध्यम से किया गया। खेल हो या पढाई, हर क्षेत्र में वात्सल्य स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया है। इसी कडी में वात्सल्य स्कूल शहर को एक और नई सौगात दे रहा है। इसी सत्र 2025-26 से वात्सल्य पब्लिक स्कूल में प्ले स्कूल की शुरुआत हो चुकी है।

छोटे बच्चों का खेल खेल में मानसिक विकास हो। इसी के मद्देनजर प्ले स्कूलों की परंपरा शुरु हुई। इसी को देखते हुए वात्सल्य पब्लिक स्कूल भी शहरवासियों की सुविधा के लिए प्ले स्कूल की शुरुआत कर रहा है। प्ले स्कूल की शुरुआत इसी सत्र से होगी। बच्चों के विशेषकर मानसिक विकास को देखते हुए आधुनिकता संसाधनों का उपयोग भी वात्सल्य पब्लिक स्कूल के प्ले स्कूल में किया जाएगा। इसके लिए स्कूल परिसर में ही विशेष रूप से प्ले स्कूल तैयार किया गया है। इसमें आधुनिक खिलौनों के साथ अन्य बच्चों के विकास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कक्षाओं में एसी रूम की सुविधा रहेगी। स्कूल में दो से तीन वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्ले स्कूल में प्री प्रायमरी, नर्सरी, जूनियर और सीनियर केजी कक्षाएं संचालित होंगी। प्राइमर प्ले स्कूल में छह बच्चों पर एक शिक्षक की व्यवस्था रहेगी। प्ले स्कूल में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। इसके लिए वात्सल्य पब्लिक स्कूल में संपर्क किया जा सकता है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के तहत मानव श्रृंखला बनाई

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** जल एक सीमित और बहुमूल्य संसाधन है जो पृथ्वी पर सभी जीवन को बनाए रखता है। बढती वैश्विक आबादी और मौसम के पैटर्न



पर जलवायु परिवर्तन के चल रहे प्रभाव के साथ, पानी की कमी एक बढती हुई चिंता बन गई है। इस चुनौती के जवाब में, जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरा है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावडी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढावा देना है। ईसी कडी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम बामणी द्वारा सामुदायिक भागीदारी को बढावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में जागरुक करना प्रमुख लक्ष्य है। जल गंगा सवर्धन अभियान 30 जुन तक चलाया जायेगा। इसी कडी में जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला मंदसौर द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई।

## पशुपालक डॉ.आम्बेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठावें

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि सभी वर्ग के किसान पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण की सुविधा के साथ शासकीय अनुदान से कर सकते है। आवेदक की पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश राज्य का निवासी होना चाहिए। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिए है। हितग्राही को ऑनलाईन पोर्टल www.mpdah.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास न्यूनतम 3.50 एकड कृषि भूमि होना आवश्यक है। योजनांतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी। एक इकाई में समस्त गौवंश या समस्त भैंसवंश ही होगें। एक इकाई की समस्त गाय/भैंस एक ही प्रजाति की होगी। योजना में भारतीय मूल की देशी गाय की नस्लों में साहिवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लो में एच.एफ.जर्सी, भैंसो में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल की जा सकेंगी। लाभार्थी को किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय/शासन द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। आवेदक को योजना की स्वीकृति हेतु प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 33 प्रतिशत तथा अन्य श्रेणी के हितग्राहियों के लिए निर्धारित परियोजना लागत का 25 प्रतिशत होगी। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग मंदसौर से संपर्क करें।

# शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष के नाम पर शिक्षकों को किया जा रहा परेशान-कुमावत



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा मध्य प्रदेश जिला मंदसौर द्वारा वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा सत्र 2025-26 हेतु प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को छात्र संख्या एवं विषय के मान से अतिशेष का चिन्हांकन एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर प्रदेश के समस्त जिलों के अतिशेष शिक्षकों की सूची लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी की गई है जिसमें कई विसंगतिया है इससे उम्रदराज और वरिष्ठ शिक्षकों विशेषकर महिलाओं को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है।

उक्त बात कहते हुए जिला युवा इंटक के अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मंदसौर सुरेन्द्र कुमावत ने कहा कि अतिशेष के नाम पर पुराने और वरिष्ठ शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। मंदसौर जिले में ऐसे कई शिक्षक है जो शासन की अनीति के कारण अतिशेष में आ गये हे और अब उनका तबादला किया जा रहा है। तबादले के प्रथम चरण में अतिशेष शिक्षको से उनके पसंद का स्वैच्छिक स्कूल ऑनलाइन के माध्यम से भरवाये जा रहे है लेकिन यह सभी स्कूल भी दूर दराज के है एवं ऐसी स्थानों पर भी है जहां पर आवागमन के साधन सुलभ नहीं है, ऐसे शासन की अनीति के कारण ऐसे शिक्षकों के सामने बडी समस्या खडी हो गई है, जबकि इनमें ऐसे कई शिक्षक है जिन्होने हाल ही में संपन्न परिक्षाओं में अच्छे परिणाम दिये है। लेकिन अब उनके सामने ही संकट खड़ा हो गया है। श्री कुमावत ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में पूर्व निर्धारित 60 बच्चों के स्थान पर एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर 74 छात्र संख्या के मान से सूची जारी की गई है ऐसे में पूर्व वर्षों के निदेर्शानुसार ही बच्चों की संख्या रखी जावें एवं जहां शिक्षकों की कमी है वहां शिक्षकों की भर्ती की जाये। वर्तमान में अतिशेष की प्रक्रिया को स्थगित किया जाना चाहिए। श्री कुमावत ने कहा कि शासन द्वारा जल्द इस समस्या का निराकरण करना चाहिए अन्यथा इंटक इसकों लेकर बड़ा आंदोलन करेगा।



## किसान बालमुकुंद पाटीदार ने बागवानी और औषधि फसलों से की आय में 2 गुना वृद्धि

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर, सीतामऊतहसील गांव रावटी के रहने वाले किसान श्री बाल मुकुंद पाटीदार (9575337908) ने अपनी आय को बढ़ाने, उन्नत खेती कैसे की जाए इसके लिए बड़वानी, शाजापुर, कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर, भोपाल, महेश्वर, रतलाम इत्यादि अलग-अलग स्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब ये अपने तीन से चार बीघा खेत में बागवानी के साथ चिया, इसबगोल, तुलसी, अलसिया, चंद्रसुर, कॉल सेट आदि औषधि फसलों की खेती करते हैं। इन औषधिय फसलों की खेती से इन्होंने अपनी आय को दोगुना कर लिया है। अब अन्य किसान भी इनसे प्रेरित होकर अपने खेतों में औषधीय फसलें उगा रहे हैं और इनसे प्रशिक्षण भी ले रहे हैं।

अपने दो बीघा खेत में बागवानी मिशन अंतर्गत पपीता की खेती भी करते हैं। इस वर्ष इन्होंने ताइवान प्रजाति का पपीता अपने खेत पर लगाया। 700 पपीतो के पौधों 30 रुपए के भाव से बुलंदशहर से लेकर आए। एक पपीते के पौधे से एक कुंटल पपीता इनको प्राप्त होता है। और इनको मंडी में में 15 से 30 रुपए प्रति किलो के भाव से व्यापारी को बेचते है। जिससे इनको 2 लाख रुपए की आय प्राप्त हो जाती है। बागवानी की खेती और औषधि फसलों की खेती से साल भर में 5 से 7 लाख रुपए कमाते है। साथ ही बागवानी और औषधिय फसलों की खेती में 5 से 6 लोगों को रोजगार भी दे रखा है। अपनी खेती बाड़ी में ड्रिप सिंचाई का उपयोग करते हैं। जिससे पानी की बचत होती है और कम से कम पानी में अधिक सिंचाई हो जाती हैं। साथ ही उत्पादन भी बढ़ता है। अपनी खेती में किसी तरह का रासायनिक दवाई का भी उपयोग नहीं करते हैं। जैविक विधि से ही खेती करते हैं। बालमुकुंद पाटीदार कहते हैं कि आगामी समय में पपीता से अन्य खाने की चीजें निर्मित करने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करेंगे। जिससे पपीता के साथ अन्य औषधि फसलों से कुछ नया प्रोडक्ट निर्मित कर सके और उन प्रोडक्ट को निर्मित करके बाजार में बेचेंगे। जिससे आय में और अधिक वृद्धि होगी। और बीच में व्यापारी एवं बिचौलियों का झंझट नहीं रहेगा। साथ ही खेती का सीधा मुनाफा किसान को ही मिलेगा।

# समर्पण केवल शब्दों में नहीं, कर्म में झलकना चाहिए-सुदीक्षाजी महाराज

## निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा समर्पण दिवस पर बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य स्मृति में एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के दिव्य सानिध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की।

समर्पण दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने वर्चुअल सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित किया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम, त्याग, सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था। ऐसा ही भक्ति समर्पण वाला जीवन हम सभी का हो यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन के व्यवहार में उतरे। सतगुरु माता जी ने स्पष्ट किया कि सच्चा आदर और प्रेम केवल वाणी से नहीं, बल्कि कर्मों से प्रकट होता है। यदि हम बाबा जी की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं, तो वह सच्चा समर्पण नहीं। समर्पण का वास्तविक रूप तभी प्रकट होता है जब हम अपने भीतर झांकें और आत्म-विश्लेषण करें क्या हम वास्तव में विनम्रता, क्षमा और प्रेम जैसे गुणों को जी रहे हैं? उन्होंने अपने जीवन के हर पहलू पर साध संगत को महत्ता दी। समर्पण दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह अवसर है यह सोचने का कि क्या हम वाकई अपने जीवन को इन शिक्षाओं से जोड पाए हैं? प्रेम, एकता, मानवता और विनम्रता को अपने भीतर बसाकर ही हम इस दिवस को सार्थक बना सकते हैं। यही बाबा जी के प्रति सच्चा आदर और समर्पण होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विचार, गीत, कविता और भजनों के माध्यम से बाबा जी की करुणा, प्रेम और समर्पण की गूंज को जीवंत किया। सतगुरु माता जी ने श्रद्धेय अवनीत जी का स्मरण करते हुए उन्हें एक सच्चा गुरसिख बताया, जिन्होंने अपने आचरण से समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की। समर्पण दिवस के अवसर पर, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के कर-कमलों द्वारा हरदेव वचनामृत का विमोचन किया गया। यह एक सटीक और सारगर्भित संकलन है, जिसमें युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के दिव्य विचार, उपदेश और सत्संग वचनों को संयोजित किया गया है। हरदेव वचनामृत केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि वह आध्यात्मिक अमृत है जो पाठक को बाबा जी की शिक्षाओं की गहराई से जोड़ता है। इस संकलन में प्रेम, सेवा, विनम्रता, एकत्व और निरंकार से जुड़ाव जैसे मूल तत्वों को सरल एवं मार्मिक भाषा में प्रस्तुत किया गया है। यह वाणी संग्रह, बाबा जी की आत्मा की आवाज है जो हर युग, हर पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक बनकर जीवन को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेगी। नि:संदेह, बाबा हरदेव सिंह जी की दिव्य छवि हर श्रद्धालु के अंतर्मन में एक अमिट स्मृति बन चुकी है। उनके अनगिनत उपकारों के लिए संपूर्ण निरंकारी संसार सदा कृतज्ञ रहेगा। आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा जी की शिक्षाओं को आगे बढाते हुए ब्रह्मज्ञान की ज्योति से मानवता को आलोकित कर रहे हैं। उक्त जानकारी शीतलदास कोतक ने दी।

# आदर्श मंदसौर मंडी भ्रष्टाचार का गढ़

## खसखस की नीलामी गायब, किसान जावरा, नीमच और खुले बाजार में ठगे जाने को मजबूर-गुर्जर



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं किसान नेता श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना को पत्र लिखकर अवगत कराया कि कई सालों से प्रदेश की आदर्श मंडी मंदसौर में खसखस (पोस्तादाना) की नीलामी क्यों नहीं हो रही हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि लंबे समय से मंदसौर मंडी में खसखस नीलामी नही होने से किसानों को कम कीमत पर खुले बाजार में अपनी उपज बेचने को मजबूर होना पड रहा है और शासन को भी करोडो रूपये का टैक्स में नुकसान उठाना पड़ रहा है। श्री गुर्जर ने कहा कि किसान अपनी खसखस उपज जावरा और नीमच की मंडियों में बेचने जाते हैं लेकिन वहाँ भी मंडी कमेटियों द्वारा नीलामी पर्ची नही देकर व्यापारियो के गोदाम नम्बर वाली सादी पर्ची दी जा रही है।

श्री गुर्जर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि 'मंदसौर मंडी भ्रष्टाचार का गढ बनती जा रही हैं। यहाँ खसखस की नीलामी गायब होने की उच्च स्तरीय जांच करना चाहिए। ऐसी स्थिति में जिले के किसान खुले बाज़ार में ठगे जाने को मजबूर हो रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि ऐसी स्थिति में भाजपा सरकार का किसानो की आय दोगुना करने का वादा सिर्फ़ जुमला साबित हो रहा है। श्री गुर्जर ने किसान भाइयों से भी अपनी उपज की वाज़िब कीमत के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

# मानसून की दस्तक इसी माह होगी, इन दिनों होगी झमाझम बरसात




**नई दिल्ली, 14 मई।** देश में मानसून की दस्तक होने वाली है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट की मुताबिक, इसी महीने यानी मई के अंतिम सप्ताह में मानसून के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। मानसून के आने की वजह दक्षिण-पश्चिम मानसून की गतिविधियां देश में समय से पहले शुरू हो गई हैं।

वहीं, इसकी रफ्तार और मूवमेंट के बेस पर मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि 27 मई तक मानसून की उपस्थिति केरल में हो जाएगी। जबकि, यहां मानसून की आमद अमूमन 1 जून को होती है। दिल्ली-यूपी में भी समय से पहले मानसून के आने की संभावना है। इस साल मौसम में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मई का महीना तपती जलती गर्मी का होता है, लेकिन लगातार मौसम में बदलाव से अभी तक देश की राजधानी समेत कई राज्यों में मौसम सुहाना बना हुआ है। जिस समय में लोग लू के थपेड़े और चिलचिलाती गर्मी से जूझते थे, उस वक्त बारिश और ठंडी हवाएं लोगों को तरोताजा किए हुए हैं। अब मानसून को लेकर भी मौसम विभाग के ताजा अपडेट ने राहत भरी खबर दे दी है। पिछले दो दिनों से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, आज यानी 14 मई को बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर के कुछ क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहुंच चुका है। केरल में मानसून की एंट्री 27 मई को होने की संभावना है। ये देश के अलग-अलग हिस्सों से होते हुए 5 जुलाई को राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में पहुंचेगा। यानी 27 मई से 5 जुलाई तक देश का हर हिस्सा मानसून की बारिश में भीग चुका होगा। इस बार मानसून में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। मानसून की शुरुआत 27 मई को होगी। 1 जून को केरल और तमिलनाडु में मानसून छा जाएगा। इसके बाद मानसूनी हवाएं कर्नाटक और आंध्र में प्रवेश करेंगी और 5 जून तक पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश देखने को मिलेगी। 10 जून तक मानसून महाराष्ट्र और तेलंगाना के मध्य तक पहुंचेगा। यही वो समय होगा जब मानसून की एंट्री आंध्र के पूर्वी इलाके में होगी। ये इलाका ओडिशा से सटा हुआ है। ओडिशा में मानसून के 12 जून से 15 जून के बीच आने की संभावना है।

**एमपी, बिहार और बंगाल में इस दिन मानसून की दस्तक-** इसके बाद मानसून की एंट्री मध्य भारत में होगी। 15 जून को गुजरात, मध्य प्रदेश, मध्य छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और बिहार में बीचों बीच पहुंच चुका होगा। मध्य प्रदेश के ऊपरी इलाके, गुजरात के अरब सागर से सटे इलाके और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में भी 20 जून को मानसून पहुंच सकता है। यूपी में पूर्वी इलाकों में 20 जून को मानसून की एंट्री होगी और 28 जून तक पूरे प्रदेश छा जाएगा। इसी समय उत्तराखंड, हिमाचल और कश्मीर के पूर्वी इलाके भी मानसून वाली बारिश से भीग जाएंगे। देश का पश्चिमोत्तर हिस्से में मानसून सबसे आखिर में पहुंचता है। इस बार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल मध्य, जम्मू-कश्मीर में 25 जून से 2 जुलाई तक मानसून के छा जाने की संभावना जताई गई है।

**लगातार आगे बढ़ रहा मानसून-** मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून 13 मई को बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग, अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह और उत्तरी अंडमान सागर के कुछ भागों में आगे बढ़ गया है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान समुद्र में मानसून के आगे बढ़ने की संभावना बनी हुई है। आईएमडी बुलेटिन के मुताबिक, अगले 3-4 दिनों के दौरान दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ हिस्सों, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अंडमान सागर के शेष हिस्सों और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

# मारपीट करने वाले आरोपियों को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंदसौर श्री कपील मेहता द्वारा गंभीर रूप से मारपीट कर फरियादी को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों को पांच वर्ष की सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया है।

लोक अभियोजक तेजपालसिंह शक्तावत ने बताया है कि दिनांक 13.06.2024 को प्रात: 10 बजे के लगभग अभियुक्त मंगलसिंह द्वारा अभियोगी प्रवीण सिंह से फोन पर बात कर ग्राम पलेवना स्थित उसके खेत पर आने को कहा जिस पर लगभग 10.20 बजे, अभियोगी प्रवीणसिंह राजपूत, उसका भाई उत्तमसिंह राजपूत एवं चचेरा भाई शेरसिंह राजपूत वहां पहुंचे जहां पूर्व से अभियुक्त मंगलसिंह राजपूत, अवतार सिंह राजपूत एवं रामसिंह राजपूत उपस्थित थे जिन्होने अभियोगी प्रवीणसिंह की कृषि भूमि में उनकी भूमि होना व्यक्त किया है, और अभियोगी प्रवीणसिंह राजपूत द्वारा उसे सीमाकंन करवाने को कहा गया, तभी अभियुक्त अवतारसिंह राजपूत, मंगलसिंह राजपूत, एवं रामसिंह राजपूत अश्लील गालिया देने लगे और विरोध करने पर अभियुक्त अवतारसिंह राजपूत ने एक पत्थर अभियोगी प्रवीणसिंह राजपूत के सिर पर मारा, जिससे चोट आकर रक्त बहने लगा। अभियुक्त रामसिंह राजपूत ने तलवार जैसी वस्तु से अभियोगी प्रवीणसिंह राजपूत पर प्रहार किया किन्तु उत्तमसिंह राजपूत द्वारा बीच बचाव करने पर अभियुक्त रामसिंह राजपूत ने उसे तलवार जैसी वस्तु से मारा, जिससे उसकी बाये हाथ की हथेली, बायें कंधे एवं सिर में चोटे लगकर रक्त बहने लगा, तथा शेरसिंह राजपूत द्वारा बीच बचाव करने पर अभियुक्त मंगलसिंह राजपूत ने उसे पकड़ लिया और अभियुक्त रामसिंह राजपूत ने उसे तलवार जैसी वस्तु से मारा, जिससे उसके बाये हाथ में चोट आयी। अभियुक्तगण द्वारा घटना स्थल से जाते समय उन्हें मृत्यु कारित करने की धमकी दी गई। तत्पश्चात् विशालसिंह राजपूत द्वारा आहत गण को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय, मंदसौर ले जाया गया तथा संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर पुलिस द्वारा अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की और से उक्त मामले में फरियादी सहित कुल 8 साक्षियों के कथन न्यायालय में कराये गये है। तथा फरियादीगण के मेडिकल एवं साक्षी के साक्ष्य के आधार पर मामला संदेह से परे जाकर साबित किया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन पर विश्वास करते हुए आरोपी रामसिंह पिता खुमान सिंह राजपूत अवतारसिंह पिता रामसिंह राजपूत एवं मंगलसिंह पिता रामसिंह राजपूत को 7 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से सफल पैरवी लोक अभियोजक तेजपालसिंह शक्तावत, अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा एवं भगवान सिंह चौहान द्वारा की गई।

## महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कल से

**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा महिलाओं के लिए सिलाई मशीन का प्रशिक्षण 16 मई 2025 से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित प्रमाण- पत्र दिया जाएगा। जो भी इच्छुक महिलाएं वह अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा लेवे। रजिस्ट्रशन के साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर आए। उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी) या मोबाईल नं. 7999852839, 9111858590, 8435806297 पर सम्पर्क कर सकते है।

# तिरंगा यात्रा को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर बैठक संपन्न



**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक मंच द्वारा दिनांक 17 मई 2025 को शाम को 05 बजे महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भव्य तिरंगा यात्रा जिला मुख्यालय मंदसौर पर निकाली जा रही है। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता एवं लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष गण नानालाल अटोलिया, मानसिंह माछोपुरिया भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार आदि की गरिमामय उपस्थिति में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथियों का पदाधिकारी गणों द्वारा स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैनिक कार्यवाही को सराहा है। हमारे भारत माता के सपूत इंडियन आर्मी के जवानों ने पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया वहीं आतंकवादी कार्रवाई के विरोध में पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा के अंदर किए गए हमले को नेस्तनाबूद कर पाकिस्तान को भी करारा जवाब दिया है। इंडियन आर्मी के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक मंच द्वारा निकल जाने वाली तिरंगा यात्रा में आप सभी अपने क्षेत्र वासियों के साथ उपस्थित हो और यात्रा को सफल करें। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि पाकिस्तान की धरती पर पनप रहे आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम पर जो आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया है उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी फौज ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के 100 किलोमीटर के अंदर तक जाकर मिसाइलों से हमला कर आतंकवादी ठिकानों और 150 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर पहलगाम में घटित आतंकवादी घटना का बदला लिया है। हमारे फौज की दृढ इच्छा शक्ति और मजबूत हौसलों से पाकिस्तान अपनी ही धरती पर परास्त हो गया।

**17 मई को सैनिकों के सम्मान में निकलने वाली तिरंगा-** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि हम भारतवासी सदैव वसुदेव कुटुंब मंत्र पर कार्य करते हैं। सबका साथ सबके विकास मंत्र को साधते हुए देश के साथ प्रदेश का और प्रदेश के साथ शहरों का विकास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में निरंतर चल रहा हैं। साथ ही हमारी सरकार की स्पष्ट नीति है कि कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो वीभत्स हत्याकांड पाकिस्तान की जमीन पर पनप रहे आतंकवादियों द्वारा किया गया, उसे भारत का प्रत्येक नागरिक दुखी और आक्रोशित हो गया था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और इंडियन आर्मी के सम्मान में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच द्वारा जिला मुख्यालय मंदसौर पर 17 मई को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है साथ ही 18 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाना प्रस्तावित है। इस बैठक के माध्यम से मेरा आप सभी जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण और कार्यकर्ता बंधुओ से आग्रह है की 17 मई को जिला मुख्यालय पर और 18 मई को अपने-अपने मंडल क्षेत्र में निकलने वाली भव्य तिरंगा यात्रा में अपने समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होवे और इंडियन आर्मी के सम्मान में निकाले जाने वाली इस तिरंगा यात्रा को भव्यतम रूप प्रदान करें। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित विधायक हरदीप सिंह जी और पूर्व विधायक यशपाल सिंह जी सिसोदिया ने भी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से जिला मुख्यालय और मंडल स्तर पर निकल जाने वाली तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की है। बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री अजय तिवारी ने किया और आभार भाजपा नेता हिम्मत डांगी ने माना। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, महामंत्री गण, मोर्चा पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

सीएम के निर्देश...

## अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं करें



**भोपाल, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु समुदायों के अनेक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इनकी पुरानी पृष्ठभूमि या पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी न माना जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित न किया जाए। अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु विभाग की समीक्षा करते हुए दिए।

**छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र के दौरान ही दी जाए-** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाएं, जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं। विभिन्न छात्रवृत्ति की राशि शैक्षणिक सत्र के दौरान ही दी जाए। इस दौरान विभाग की राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने बताया कि आगामी सत्र में छात्रवृत्ति वितरण तय समय में करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली छात्र गृह योजना में वर्तमान में स्वीकृत 50 सीट की वृद्धि कर 150 सीट किया जाना प्रस्तावित किया गया है। प्रदेश की वक्फ समितियों का डिजिटलाइजेशन राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इस काम में मध्य प्रदेश मॉडल के रूप में काम कर रहा है।

# मौसम का बदला मिजाज, तेज हवाओं और बारिश से जनजीवन प्रभावित





**खजूरीआंजना, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। दिनभर की तीखी धूप और उमस के बाद बुधवार करीब दो बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवा, बादलों की गर्जना और फिर तेज झमाझम बारिश ने लोगों को चौंका दिया। खुले क्षेत्रों में चली तेज हवाओं के साथ ही जोरदार बारिश शुरू हुई, जो लगभग एक से डेढ़ घंटे तक तेज व मुसलाधार व त तेज गति से बारिश होती रही।**

बारिश के कारण खजुरी आंजना - बडवन रोड व मंदसोर - रतलाम हाई-वे पर आवागमन प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों को रास्ते में रुककर खुद को संभालना पड़ा। तेज हवाओं और बारिश से खुले में कार्यक्रम आयोजित कर रहे लोगों को खासा नुकसान उठाना पड़ा। वही दलोदा मंडी में किसानों ने खुले में अपना माल रखा जिससे किसानों का सारा माल पानी में गीला हो गया जिससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा आपको बता दे की मंडी में व्यापारियों ने भी सेड में अपना कब्जा जमा रखा है और व्यापारियों का माल सेड में जमा रखा है जिससे किसानों को पानी में अपनी फसल को भिगाना पड़ा वहीं, खेतों में खड़ी हरी सब्जियों और खरबूजे की फसल को भी नुकसान पहुंचने कि संभावनाएं है। अचानक मौसम के बदलते मिजाज से किसान परेशान हैं। बारिश के बाद मौसम जरूर सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन इससे कई वर्गों को नुकसान भी झेलना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि बीते चार पांच दिनों से मौसम हल्का फुल्का साफ और राहतभरा बना हुआ था, पर बुधवार दोपहर अचानक बदले इस मौसम ने फिर से चिंता बढ़ा दी है।

# सीईओ ने किया बरेखन गौशाला का निरीक्षण



**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.शासन द्वारा प्रदेश में स्वावलंबी गौशालाओं (कामधेनु निवास) की स्थापना नीति 2025 के तहत नीमच जिले में स्वावलंबी गौशाला (कामधेनु निवास) की स्थापना की जाना है। इसके तहत न्यूनतम 5 हजार गौवंश के लिए गौशाला स्थापित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ श्री अमन वैष्णव ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ कामधेनु निवास योजना के तहत सिंगोली तहसील के गौसदन बरेखन का निरीक्षण कर, गौशाला के लिए उपलब्ध भूमि, चारागाह आदि का मौके पर अवलोकन किया और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशाला स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ ने बरेखन गौशाला के निरीक्षण दौरान वर्तमान में संचालित गौशाला में निवासरत गौवंश की संख्या एवं उपलब्ध भूमि तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस मौके पर पशु चिकित्सा विभाग के डॉ.ए.आर.धाकड़ एवं डॉ.आशीष तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन द्वारा ईकेवाईसी कार्य के लिए चार दिवसीय विशेष महाअभियान प्रारंभ



**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले की सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों के सभी वार्डो में खसरा ई-केवाईसी, समग्र, ई-केवाईसी, खाद्य ई केवाईसी, आधार, आरओआर की केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति के लिए बुधवार से चार दिवसीय तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।

जिले में इस अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पिपलियारावजी, देथल, अखेपुर, बैसला, बारवडिया, मजिरीया, चचौर, बरलाई, अरनिया मानगीर, खोर, आंत्री माताजी, केसरपुरा, कानका, बरडिया, धनेरिया कलां, घसुण्डीव जागीर, हनुमान नगर बघाना, पड़दा, हिंगोरिया, ढाकनी, चिकली ब्लॉयक, शिवपुरिया सहित विभिन्नड गांवों और शहरी वार्डो में ई-केवायसी के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में राजस्वा अमले एवं विभिन्न विभागों के ग्राम स्तंरीय अमलें ने शेष हितग्राहियों को प्रेरित कर, उनकी खसरा, समग्र आधार, खाद्य, ई-केवायसी, आर.ओ.आर., ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री की गई। एसडीएम श्री पवन बारिया, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी सहित संबंधित तहसीलदार एवं राजस्वड अधिकारियों ने ईकेवायसी शिविरों का निरीक्षण कर, ईकेवायसी कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यरक निर्देश भी दिए। कलेक्टसर श्री हिमांशु चंद्रा ने ईकेवायसी से शेष रहे सभी हितग्राहियों और किसानों से अपना ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाने की अपील की है। उन्होषने कहा, कि यदि किसी हितग्राही का ईकेवायसी नही होगा, तो उसे भविष्यी में शासन की विभिन्नऔ योजनाओं का लाभ प्राप्त- करने में असुविधा होगी। अत: सभी अपना ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाएं।

## छत पर नहा रही महिला पर फेंका सुतली बम..!

**पिपलियामंडी, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** छत पर नहा रही महिला पर सुतली बम फेंककर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नही करने का आरोप महिला ने पुलिस पर लगाया। वार्ड 4 में निवासरत महिला ने आरोप लगाया कि वह 11 मई 2025 को छत पर नहा रही थी, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रेमसिंह नामक व्यक्ति ने छत पर सुतली बम फेंका। जब एसा करने से मना किया तो गाली-गलौज की व मेरे ससुर के साथ मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति रात्रि में भी दरवाजा खटखटता है व परेशान करता है। शिकायत के बाद भी पुलिस व्यक्ति पर कार्रवाई नही कर रही है। मामले को लेकर एसपी, महिला थाना व सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

**मैं दिखवाता हूं:-** टीआई विक्रमसिंह इवने ने कहना है आवेदन को लेकर जांच चल रही है, मैं मामले को दिखवाता हूं।

# बड़बोले मंत्री विजय शाह पर हो देशद्रोह का मामला दर्ज-विधायक

**शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला फूका**





**मंदसौर, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में शहर ब्लॉक व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह का गांधी चौराहे पर पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी भारत माता की बेटियों ने ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस दिखाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया लेकिन राज्य के बड़बोले मंत्री विजय शाह ने सत्ता के मद में जिस भाषा में बात की, वह हमारी बहनों का अपमान है। विधायक श्री जैन ने इस बयान को महिला अधिकारियों और सेना का अपमान बताते हुए विजय शाह को तत्काल पद से हटाने व उस पर देश द्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्रसिंह तोमर ने कहा कि मंत्री विजय शाह अपने ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की पत्नी पर विवादित बयान दे चुके है अब वे देश की बेटी पर अमर्यादित बयान देकर अक्षम्य अपराध किया है। विजय शाह पर प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्यवाही होना चाहिए।

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने कहा कि विजय शाह ने भाजपा की कथनी व करनी में अंतर को प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने पाकिस्तान के विरूद्ध लड़ाई में पूरी तरह से साथ दिया है। कांग्रेस आंतकवादियों के खिलाफ लड़ाई में पुरी तरह सेना के साथ है। कांग्रेस भारतीय सैनिको का अपमान बिल्कुल सहन नहीं करेगी। विजय शाह के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होना चाहिए। पुतला दहन से पूर्व बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर एकत्र होकर कर्नल सोफिया कुरैशी व व्योमिका सिंह जिंदाबाद व मंत्री विजय शाह मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए गांधी चौराहा पर हाथ में तिंरगा लेकर गांधीजी की प्रतिमा की परिक्रमा की और भाजपा के नेताओं को सद्बुद्धी देने की प्रार्थना की। उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, जिला कांग्रेस पदाधिकारियों में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा, अजय लोढ़ा, लक्ष्मण मेघनानी, जितेंद्र सोपरा, विश्वास दुबे, रमेश सिंगार, वहिद जैदी, विजेश मालेचा, राजनारायण लाड़, अजय सिंह तोमर, खलील पठान, सुनील बसेर, राजेंद्र छाजेड़, संजय सोनी, साबिर इलेक्ट्रिशन, राजेश फरक्या, रविंद्र पाटीदार, मोर्चा प्रकोष्ठमें सर्वश्री दिलीप देवड़ा, दीपक सिंह गुर्जर अनीस मंसूरी, शहर कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष सलीम खान, महिला नेत्रियों में इष्टा भाचावत, रफत पयामी, अनीता भदोरिया, लक्ष्मी रैकवार, नेहा कनकमल जैन, कुमकुम सिसोदिया, मंडलम अध्यक्ष गण में सर्वश्री नितेश सतीदासानी, रमेश ब्रिजवानी, विजय जैन, वकार खान के साथ ही राजू सतीदासानी, मनोहर नाहटा, शैलेंद्र गोस्वामी, संजय जैन, राकेश सेन, राजेश खींची, साबिर शाह मदारी, राजेश चौधरी, सादिक गोरी, अनिल दास, अमीन खान, बालकिशन पाटीदार, परमानंद पाटीदार, हरीश पाटीदार, सावन मकवाना, रवि विनायका, दुर्गेश चंदेल, घनश्याम चौहान, हरीश पाटीदार हनुमंती, आदर्श जोशी, यश श्रीवास्तव, बालकिशन मालवीय, कैलाश कुमावत, दुर्गा शंकर धाकड़, प्रदीप जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 87 | 2080 | 2225 |
| उडद | 4 | 4150 | 4150 |
| सोयाबीन | 4778 | 3850 | 4450 |
| गैहु | 10000 | 2321 | 2800 |
| चना | 456 | 4500 | 5666 |
| मसुर | 177 | 6192 | 6546 |
| धनिया | 195 | 5100 | 7200 |
| लहसुन | 18000 | 3000 | 9500 |
| मैथी | 1390 | 3800 | 5720 |
| मुंगफली | 1000 | 3800 | 5581 |
| अलसी | 2659 | 6625 | 7310 |
| सरसो | 355 | 5700 | 6228 |
| तारामीरा | 6 | 5240 | 5240 |
| इसबगोल | 188 | 7500 | 11200 |
| प्याज | 4109 | 341 | 1071 |
| कलोंजी | 15 | 13005 | 19950 |
| तुलसी बीज | 0000 | 00000 | 00000 |
| डॉलर | 109 | 6800 | 8200 |
| तिल्ली | 5 | 7050 | 7752 |
| जौ | 0000 | 00000 | 00000 |
| मटरसुखी | 1 | 3751 | 3751 |
| असालीया | 33 | 5740 | 6863 |
| चियाबीज | 189 | 11601 | 14552 |

# होम्योपैथिक डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया, बच्ची की मौत

**रतलाम, 14 मई गुरु एक्सप्रेस। जिले के रावटी में एक प्राइवेट क्लिनिक पर इंजेक्शन लगाने के दो घंटे बाद 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टर मौके से भाग गया था, जिसे पुलिस ने बाद में पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास क्लिनिक संचालन और एलोपैथी इलाज से जुड़ी कोई डिग्री या वैध प्रमाण पत्र नहीं है। उसने होम्योपैथी डिग्री की है।**

रतलाम के रावटी के रहने वाले नाथुलाल भाभर की 6 साल की बेटी अरुणा को मंगलवार सुबह बुखार था। पिता नाथुलाल उसे इलाज के लिए रावटी के पंचायत चौराहे स्थित क्लिनिक पर ले गए। यहां डॉक्टर अजय सिंह चौहान ने बच्ची को बिना किसी जांच के इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन के बाद परिजन बच्ची को लेकर बाजार गए, लेकिन कुछ ही देर में उसकी तबीयत और बिगडने लगी। उल्टी होने पर उसे फिर से क्लिनिक पर लाया गया, जहां दोपहर करीब 1 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। इसके बाद शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। फरार झोलाछाप डॉक्टर को मंगलवार देर रात रावटी थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद डॉक्टर क्लिनिक छोड़कर फरार हो गया था। प्रारंभिक जांच के आधार पर क्लिनिक को तत्काल सील कर दिया गया है।

## महिला की संदिग्ध मौत

**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के ग्राम लख्मी में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। 30 वर्षीय रेखाबाई ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह परिजन रेखाबाई के शव को जिला अस्पताल लाए। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि रेखाबाई का विवाह नौ साल पहले लख्मी गांव के राजेन्द्र कुमार गायरी से हुआ था। बघाना थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद चलेगा। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजन सदमे में हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## सुबह से तेज धूप...

पेज एक से जारी

उमस और गर्मी से पूरी तरह निजात फिलहाल नहीं मिलने वाली।

**15 जून को मानसून आमद की संभावना**–मौसम विभाग के अनुसार मानसून की आमद 15 जून को हो सकती है। मंगलवार को मानसून ने अंडमान द्वीप में दस्तक दे दी। अब यह धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा और 15 जून तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी बालाघाट, सिवनी, मंडला, बैतूल, बुरहानपुर आदि जिलों के रास्ते से प्रदेश में आ जाएगा। इसके 10 दिन के अंदर मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर सकता है।

## मकान मालिक के घर से...

पेज 1 से जारी

वह फरार हो गया था। बताया गया है कि अजयसिंह मूलत: नागदा का रहने वाला था। शहर पुलिस ने उस समय इसकी नागदा में भी खोजबीन की थी। लेकिन, वह नहीं मिला था। अब जब पुलिस को इसका सुराग लगा तो पुलिस ने तत्काल टीम भेज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायायल में पेश किया है।

# 10वीं-12वीं 'सेकेंड बोर्ड परीक्षा' में मिलेगा कम समय

**भोपाल, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं के परिणाम के बाद फेल या दूसरी बार परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा अगले महीने से शुरू कराई जाएगी। लेकिन, 10वीं और 12वीं की सेकेंड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को दो पेपर के बीच कम गैप मिलेंगे।

10वीं की परीक्षा 17 से 26 जून तक होगी। इंग्लिश की परीक्षा 19 जून को होगी, जबकि गणित की 21 जून को है। 23 जून को साइंस का पेपर होगा। पहली परीक्षा में ज्यादा गैप दिया गया था। इन तीन विषयों में ही सबसे ज्यादा परीक्षार्थी पहली परीक्षा में फेल हुए हैं। 12वीं की परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक होगी परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रहेगा। परीक्षा के लिए जिस तरह के नियम पहली परीक्षा में थे वैसे ही दूसरी परीक्षा में भी रहेंगे। परीक्षार्थियों को इसका पालन करना होगा। अधिकारियों के अनुसार अभी आवेदन किए जा हैं। इसमें ऐसे छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे, जो पास हो गए हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि दूसरी परीक्षा में शामिल होकर उनकी श्रेणी में सुधार हो सकता है या उनके अंक बढ़ सकते हैं। आवेदन होने के बाद ही सही संख्या की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि परीक्षा में कितने विद्यार्थी शामिल होंगे।

### जुलाई में 12वीं का रिजल्ट देने का प्रयास...

मंडल की ओर से जुलाई में ही कक्षा 12वीं का रिजल्ट घोषित करने की कोशिश की जा रही है। क्योंकि जुलाई में रिजल्ट आने के बाद छात्र कॉलेज में एडमिशन भी ले सकते हैं और आगे की पढ़ाई भी कर सकते हैं। जबकि 10वीं का रिजल्ट लेट होने की उम्मीद है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पिपलियामंडी, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम 7.30 बजे नारायणगढ़ थानान्तर्गत नापाखेड़ा मार्ग पर एचपी पेट्रोप पंप के यहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बूढ़ा निवासी बलवंत (24) पिता शंभूलाल मेघवाल को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। शव का पीएम गुरुवार सुबह होगा।

## नौवीं के छात्र ने की आत्महत्या

**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीटी थाना क्षेत्र के रावण रूंडी में नौवीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र पीयूष जाटव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह परिजनों ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा बंद होने के कारण परिजनों को उसे तोड़ना पड़ा। कमरे में पीयूष पंखे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत नीमच सिटी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मंगलवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पीयूष के पिता कन्हैया लाल जाटव का एक साल पहले निधन हो चुका है। मां मायके में रहती है। पीयूष अपने दादा-दादी के साथ रहता था। स्कूल में होनहार छात्र माने जाने वाले पीयूष की आत्महत्या से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है। उसके परिवार और स्कूल के साथी सदमे में हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उसका मोबाइल भी जब्त किया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## स्ट्रीट डॉग्स ने आठ साल की बच्ची को नोचा, लोगों ने बचाई जान

**नीमच, 14 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के महावीर नगर में स्ट्रीट डॉग्स के हमले बढ़ रहे हैं। दो दिनों में कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों पर हमला किया है। दोनों घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। पहली घटना 11 मई को हुई। कुत्तों के झुंड ने 7 साल के बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चा रास्ते से गुजर रहा था। कुत्तों ने उसे नोचना शुरू कर दिया। बच्चे की चीखें सुनकर एक महिला ने उसे बचाया। महिला ने साहस दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और बच्चे को सुरक्षित निकाला। दूसरी घटना 13 मई की है। इस बार तीन से चार कुत्तों ने 8 साल की बच्ची पर हमला कर दिया। इसके बाद आसपास के मकान से लोग निकले और उन्होंने कुत्तों को भगाया। इन घटनाओं से क्षेत्र के निवासी डरे हुए हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। दोनों घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एमके 6533 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में देवेन्द्र सविता पिता मांगीलालजी निवासी-मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 08.03.2021 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती कलावती पति स्व. देवेन्द्र सविता निवासी-मंदसौर, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## ✻✻✻ आम सूचना ✻✻✻

**सुरेशकुमार पिता गिरधारीलालजी चौधरी निवासी नंदावता तहसील दलौदा, जिला मंदसौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा पिपलियामंडी फाटक मोहल्ला स्थित एक मकान जो वार्ड क्रमांक 02, मकान नं. 15/1, गली नं. 4 में स्थित मकान जिसकी लम्बाई 40 फीट, चौड़ाई 25 फीट, जिसकी चतुरसीमा पूर्व में-गली, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-मनोहरलाल नायक का भूखण्ड उक्त मकान को माया पिता भंवरलाल नायक निवासी फाटक मोहल्ला पिपलियामंडी से क्रय करने का अनुबंध कर बयाना की राशि का भुगतान कर दिया है एवं अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है। उक्त मकान को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई भार बोझ हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस की अवधि में लिखित में मुझे सूचित करें। जिससे उसका निराकरण किया जा सके। उसके बाद किसी भी व्यक्ति के दावा/आपत्ति/क्लेम/विवाद मान्य नहीं होकर बिक्री पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा। सो सूचित हो।**

**सुरेशकुमार पिता गिरधारीलालजी चौधरी**
**निवासी-नंदावता, तहसील दलौदा, जिला-मंदसौर**
**मोबाईल नम्बर-7024073197**

## कार्यालय सम्पदा प्रबंधक
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक LIG.B-8 कम्बल केन्द्र मंदसौर जो श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी पिता श्री मोहनलाल सिपानी को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.05.2006 उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। उक्त भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 07.01.2025 को उपपंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी पिता श्री मोहनलाल सिपानी द्वारा उक्त भवन का दान श्री हिमांशु सिपानी पिता श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी एवं श्रीमती नलिनी सिपानी पति श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी को संयुक्त रूप से कर दान पत्र दिनांक 06.02.2025 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त दान पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री हिमांशु सिपानी पिता श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी एवं श्रीमती नलिनी सिपानी पति श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री हिमांशु सिपानी पिता श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी एवं श्रीमती नलिनी सिपानी पति श्री नरेन्द्र सिंह सिपानी के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल मंदसौर (मप्र)

## ✻ जाहिर सूचना ✻

**एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी फकीरचंद मेरा आधार कार्ड फकीरचंद के नाम से एवं वोटर कार्ड नंदराम के नाम से है। मैं एक ही व्यक्ति हूं। मुझे फकीरचंद (नंदा) के नाम से जाना एवं पहचाना जाएं।**

**फकीरचंद (नंदा)**

## कार्यालय नगर परिषद भैंसोदा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-149/ई-टेण्डरिंग/2025 भैंसोदा, दिनांक-13.05.2025

## ✻ ई-निविदा आमंत्रण सूचना ✻

**एतद् द्वारा समस्त केन्द्रीयकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत लो.नि.वि.म.प्र. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।**

| क्रं. | आनलॉईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD__422973_1 | भैंसोदा शासकीय हा. सेकेण्डरी स्कूल के सामने खुली भूमि पर बगीचा निर्माण कार्य | 06 माह एवं लागत 1428009/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य 2000/- एवं अमानत राशि 10,710/- |

निविदा शर्ते –

1. **निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने, ऑनलाईन ब्रीड सबमिट करने एवं निविदा खोले जाने की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दी गई है।**
2. **निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा। जिसका पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

| श्रीमती गायत्री पौराणिक | श्री अर्जुन शर्मा | श्रीमती रेखा गुर्जर | श्री गिरीश शर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति लो.नि.वि. | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
| नगर परिषद भैंसोदा | नगर परिषद भैंसोदा | नगर परिषद भैंसोदा | नगर परिषद भैंसोदा |





स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in